# स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण), जनपद हापुड।
## जिला स्वच्छ भारत मिशन मैनेजमेन्ट कमेटी की बैठक की कार्यवाही एवं अनुमोदन।

**अध्यक्ष :** जिलाधिकारी
**उपाध्यक्ष :** मुख्य विकास अधिकारी
**सचिव :** जिला पंचायत राज अधिकारी (सदस्य/सचिव)
**सदस्य :**

1. मुख्य चिकित्सा अधिकारी, हापुड।
2. जिला विकास अधिकारी, हापुड।
3. परियोजना निदेशक, जिला ग्राम्य विकास अभिकरण, हापुड़।
4. अधिशासी अभियन्ता जल निगम, हापुड़।
5. जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी, हापुड़।
6. जिला समाज कल्याण अधिकारी, हापुड़ं।
7. जिला कार्यक्रम अधिकारी, हापुड़।
8. जिला सूचना अधिकारी, हापुड़।
9. ब्लॉक प्रमुख, धौलाना।
10. सदस्य जिला पंचायत, वार्ड नं0–09, हापुड़।
11. ग्राम प्रधान – उपैडा, विकास खण्ड हापुड़।
12. ग्राम प्रधान – मौहम्मदपुर खुड़लिया, विकास खण्ड, सिम्भावली।
13. आमन्त्रित सदस्य– समस्त खण्ड विकास अधिकारी, जनपद– हापुड़।
14. आमन्त्रित सदस्य– समस्त तहसीलदार, जनपद– हापुड।

दिनांक : 08.07.2024
समय : 01.00 अपरान्ह
स्थान : कलैक्ट्रेट, सभागार हापुड।

**:: कार्यवृत्त ::**

आज दिनांक 08 जुलाई, 2024 को अपरान्ह 01.00 बजे कलैक्ट्रेट सभागार, हापुड में स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) योजनान्तर्गत जिलाधिकारी महोदया की अध्यक्षता में जिला स्वच्छ भारत मिशन मैनेजमेन्ट कमेटी/जिला स्वच्छता समिति के समस्त सदस्यों सहित, ब्लॉक प्रमुख धौलाना, समस्त खण्ड विकास अधिकारी, समस्त सहायक विकास अधिकारी (पं0), समस्त तहसीलदार एवं ग्राम प्रधान की उपस्थिति में जिला स्वच्छ भारत मिशन मैनेजमेन्ट कमेटी/जिला स्वच्छता समिति की बैठक आहूत की गई है।

➢ **बिन्दु सं0–1 गत बैठक की कार्यवाही की पुष्टि:–**

सचिव/जिला पंचायत राज अधिकारी द्वारा जिला स्वच्छता समिति बैठक दिनांक 30.05.2023 की कार्यवाही जिलाधिकारी/अध्यक्ष जिला स्वच्छता समिति महोदया एवं समस्त सदस्यों के सम्मुख प्रस्तुत की गयी, जिसका बिन्दुवार विवरण निम्न प्रकार है–

**स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) फेज–2 के अन्तर्गत वित्तीय वर्ष 2023–24 में व्यक्तिगत शौचालय निर्माण हेतु पेयजल एवं स्वच्छता मंत्रालय की वेबसाइट पर अपलोड किये गये लाभार्थियों का ग्राम पंचायत एवं विकास खण्ड स्तर से सत्यापन उपरान्त शौचालय निर्माण किये जाने का अनुमोदन।**

अवगत कराया गया कि वित्तीय वर्ष 2023–24 में 482 व्यक्तिगत शौचालय निर्माण हेतु दोनों किस्त लाभार्थियों के खातों में पी0एफ0एम0एस0 के माध्यम से हस्तानान्तरित करते हुए शौचालय निर्माण पूर्ण किया जा चुका है।

Scanned with OKEN Scanner

/2024–5/95/2020–एस0बी0 एम0जी0 एम0आई0एस0 लखनऊ दिनांक 03 मई, 2024 के द्वारा स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) फेज–2 के अन्तर्गत वित्तीय वर्ष 2024–25 में निर्धारित कैप के अनुसार 7163 व्यक्तिगत शौचालय निर्माण का लक्ष्य प्राप्त हुआ है। स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) फेज–2 की वेबसाइड पर ऑनलाइन किये गये लाभार्थियों को धनराशि हस्तान्तरित निम्न प्रकार किया जाना प्रस्तावित है।

**1. प्रथम किस्त:–** व्यक्तिगत शौचालय निर्माण के लिए लाभार्थियों द्वारा ऑनलाइन किये गये आवेदनों की ग्राम प्रधान, ग्राम पंचायत सचिव, सहायक विकास अधिकारी(पं0) एवं खण्ड विकास अधिकारी की जांच उपरान्त सत्यापित सूची के आधार पर प्रथम किस्त के रूप में प्रति लाभार्थी को 6000.00 रूपये पी0एफ0एम0एस0 के माध्यम से हस्तान्तरित किया जाना प्रस्तावित है।

**2. द्वितीय किस्त:–** लाभार्थियों द्वारा शौचालय निर्माण कार्य पूर्ण किये जाने पर जियोटैग के उपरान्त सहायक विकास अधिकारी(पं0) एवं खण्ड विकास अधिकारी द्वारा प्रदत प्रथम किस्त के उपभोग प्रमाण पत्र एवं द्वितीय किस्त दिये जाने की संस्तुति के आधार पर द्वितीय किश्त के रूप में 6000.00 रूपये पी0एफ0एम0एस0 के माध्यम से हस्तान्तरित किया जाना प्रस्तावित है।

हेतु पत्रावली प्रस्तुत है, जिसका अनुमोदन भी समिति द्वारा दि गया।

इस प्रकार कुल 12000.00 रूपये प्रति इकाई स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) फेज–2 के अन्तर्गत पी0एफ0एम0एस0 के माध्यम से लाभार्थियों के बैक खातों में हस्तान्तरित किये जाने का अनुमोदन प्रस्तावित है। साथ ही यह भी अवगत कराया गया है कि कुल 938 व्यक्तिगत शौचालय की प्रथम किस्त की धनराशि हस्तान्तरण हेतु लाभार्थियों की सूची विकास खण्डों द्वारा प्रस्तुत की गयी, उपरोक्तानुसार उक्त प्रस्ताव पर विचार विमर्श उपरान्त उपस्थित सभी समिति के सदस्यों की सहमति से जिला स्वच्छता समिति द्वारा अनुमोदन प्रदान किया गया।

(कार्यवाही–जि0पं0रा0अधि0/ख0वि0अधि0/ए0डी0ओ0(पं0))

## ➢ बिन्दु सं0–7 मलीय कचरा प्रबंधन /फीकल स्लज ट्रीटमेंन्ट प्लान्ट निर्माण कराये जाने का अनुमोदन–

सचिव/जिला पंचायत राज अधिकारी द्वारा जिला स्वच्छता समिति को अवगत कराया गया कि मिशन निदेशक, स्वच्छ भारत मिशन(ग्रामीण) उ0प्र0 के पत्र सं0–5/824/2024–5/ 02/2022 लखनऊ दिनांक 25 जून, 2024 के द्वारा मलीय कचरा प्रबंधन/फीकल स्लज ट्रीटमेंन्ट हेतु Stationary FSSM Plant(Onsite sludge treatment and dewatering system with supply of CESSPOOL VEHICLE) की स्थापना के सम्बन्ध में आवश्यक कार्यवाही कराते हुए भूमि चिन्हांकन व आवंटन कराते हुए सूचना उपलब्ध कराने का अनुरोध किया गया है। तद्कम में अपेक्षा है कि–

1. जनपद में न्यूनतम् 3000 वर्गमी भूमि का चिन्हांकन एवं प्लांट के लिये आवन्टित करा लिया जाये।
2. प्लांट के संचालन में 30 किलोवाट बिजली एवं 05 किलोली पानी की आवश्यकता होगी इसलिये चयनित की जाने भूमि, बिजली एवं जल स्रोत के निकट की जानी होगी।
3. प्लांट के संचालन में 15–25 किलोली प्रतिदिन फीकल स्लज की आवश्यकता अनिवार्य है, इसके लिये प्लांट के 15–20 किमी के रेडियस में पर्याप्त सेप्टिक टैंक हों एवं क्लस्टर के जनमानस में उनके टैंक का ससमय डि–स्लज करने की जागरुकता भी लानी होगी। उक्त के अनुपालन में मलीय कचरा प्रबंधन/फीकल स्लज ट्रीटमेंन्ट हेतु भूमि चिन्हांकन प्रस्तावित है।

अध्यक्ष महोदया द्वारा निर्देशित किया गया कि जिला पंचायत राज अधिकारी रेट्रोफिटिंग सर्वे की रिपोर्ट प्रस्तुत करते हुए अवगत करायें कि किस विकास खण्ड में सबसे अधिक सेप्टिक टैंक वाले शौचालय निर्मित हैं, तदोपरान्त भूमि चयन कार्य किया जायेगा। उपरोक्तानुसार उक्त प्रस्ताव पर विचार विमर्श उपरान्त उपस्थित सभी समिति के सदस्यों की सहमति से जिला स्वच्छता समिति द्वारा अनुमोदन प्रदान किया गया।

(कार्यवाही–जि0पं0रा0अधि0/ख0वि0अधि0/ए0डी0ओ0(पं0))

## ➢ बिन्दु सं0–8 स्वच्छ भारत मिशन(ग्रामीण) मैनपॉवर मानदेय का अनुमोदन।

सचिव/जिला पंचायत राज अधिकारी द्वारा जिला स्वच्छता समिति को अवगत कराया गया कि निदेशक पंचायतीराज, उ0प्र0 के पत्र सं0–6/4121/ 2022–6/223/2021 लखनऊ दिनांक 17 मई, 2023 के

Scanned with OKEN Scanner

अध्यक्ष महोदया की अनुमति से बैठक समाप्त की गयी। जिला पंचायत राज अधिकारी द्वारा जिला स्वच्छता समिति की बैठक में उपस्थित अध्यक्ष, उपाध्यक्ष व सदस्यों का आभार व्यक्त किया गया।

सदस्यः—

| | | |
|---|---|---|
| जिला सूचना अधिकारी<br>हापुड़। | जिला कार्यक्रम अधिकारी<br>हापुड़। | जिला समाज कल्याण अधिकारी<br>हापुड़। |
| जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी<br>हापुड़। | जिला विकास अधिकारी<br>हापुड़। | परि0नि0, जि0ग्रा0वि0अभि0<br>हापुड़। |
| अधि0अभि0, जल निगम<br>हापुड़। | मुख्य चिकित्सा अधिकारी<br>हापुड़। | |

| | | |
|---|---|---|
| **सचिव जिला स्वच्छता समिति/<br>जिला पंचायत राज अधिकारी,<br>हापुड।** | **उपाध्यक्ष जिला स्वच्छता समिति/<br>मुख्य विकास अधिकारी<br>हापुड।** | **अध्यक्षा जिला स्वच्छता समिति/<br>जिलाधिकारी<br>हापुड।** |

पत्रांक 598 /7/पं0/डी0एस0सी0/बैठक/2024–25 दिनांक 11/07/2024

**प्रतिलिपि– निम्नलिखित को सूचना एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।**

1. अपर मुख्य सचिव, पंचायती राज उ0प्र0 लखनऊ।
2. आयुक्त, मेरठ मण्डल, मेरठ।
3. मिशन निदेशक, स्वच्छ भारत मिशन (ग्रा0) उ0प्र0 लखनऊ।
4. उपनिदेशक पंचायत, मेरठ मण्डल, मेरठ।

**अध्यक्षा जिला स्वच्छता समिति/<br>जिलाधिकारी<br>हापुड।**

Scanned with OKEN Scanner